# "भरतपुर संभाग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल एवं शैक्षिक तनाव का अध्ययन"


उषा शर्मा*


## अध्ययन के उद्देश्य

शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल का अध्ययन करना।

1. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के पुरुष प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल का अध्ययन करना।
2. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय की महिला प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल का अध्ययन करना।
3. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शैक्षिक तनाव का अध्ययन करना
4. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के पुरुष प्रशिक्षणार्थियों के शैक्षिक तनाव का अध्ययन करना।
5. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के महिला प्रशिक्षणार्थियों के शैक्षिक तनाव का अध्ययन करना।
6. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल एवं शैक्षिक तनाव के मध्य सहसंबंध का अध्ययन करना।
7. भरतपुर संभाग के शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल एवं शैक्षिक तनाव के मध्य सहसम्बन्ध का अध्ययन करना।

## अध्ययन की परिकल्पनाएँ

1. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।
2. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के पुरुष प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।
3. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय की महिला प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।
4. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शैक्षिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।
5. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के पुरुष प्रशिक्षणार्थियों के शैक्षिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।
6. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय की महिला प्रशिक्षणार्थियों के शैक्षिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।
7. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल एवं शैक्षिक तनाव के मध्य कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।
8. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल एवं शैक्षिक तनाव के मध्य कोई सार्थक सहसंबंध नहीं होता है।

## अध्ययन विधि

प्रस्तुत अध्ययन मे सर्वेक्षण विधि का उपयोग किया गया है।

## न्यादर्श

इसमें शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के 1000 बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों जिसमें शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के 500 प्रशिक्षणार्थी तथा शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के 500 प्रशिक्षणार्थियों पर अपना अध्ययन कार्य सम्पन्न किया गया है इनके अन्तर्गत भी इन्हें दोनों महाविद्यालयों में 250 पुरुष व 250 महिला प्रशिक्षणार्थियों के रूप में वर्गीकृत किया गया है इस पूरे न्यादर्श का चयन राजस्थान राज्य के भरतपुर, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, भरतपुर संभागों में से लिया गया है।


*पी. एच. डी. (शोध छात्रा), उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान मान्यविश्वविद्यालय, गांधी विद्या मन्दिर, सरदारशहर (राजस्थान)।
***E-mail Id:*** ushasharma575@gmail.com



*© ADR Journals 2016. All Rights Reserved.*

## शोध में प्रयुक्त उपकरण

| क्र.सं. | परीक्षण का नाम | परीक्षण निर्माणकर्ता |
|---|---|---|
| 1 | "बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों की शिक्षण कौशल की जाँच हेतु निरीक्षण मापनी" | स्वनिर्मित |
| 2 | "बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों की शिक्षण कौशल की जाँच हेतु अभिवृत्ति मापनी" | स्वनिर्मित |
| 3 | "बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों के शैक्षिक तनाव की जाँच हेतु अभिवृत्ति मापनी" | स्वनिर्मित |

## अनुसंधान में प्रयुक्त सांख्यिकी

अध्ययन की प्रकृति एवं उद्देश्यों के आधार पर प्राप्त आकड़ों के विश्लेषण हेतु मध्यमान, प्रमाप विचलन, क्रान्तिक अनुपात एवं सह सम्बन्ध का प्रयोग किया गया है।

## प्रदत्तों का विश्लेषण एवं व्याख्या

अध्ययन में शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल एवं शैक्षिक तनाव से संबंधित प्रदत्तों की तालिका 1 से 5 में प्रस्तुत है। भरतपुर संभाग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।

**तालिका संख्या 1.भरतपुर संभाग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल निरीक्षण मापनी के आयाम के प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तरों की सार्थकता की तुलना**

| कौशल | | संख्या (N) | मध्यमान (MEAN) | प्रमाप विचलन (SD) | क्रान्तिक अनुपात (CR Value) | सार्थकता स्तर 0.05 | 0.01 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्यामपट्ट कौशल | TT college | 71 | 15.23 | 1.80 | 0.19 | सार्थक अन्तर नहीं है। | |
| | CTE | 71 | 15.15 | 2.47 | | | |
| प्रस्तावना कौशल | TT college | 71 | 11.83 | 3.10 | 0.16 | सार्थक अन्तर नहीं है। | |
| | CTE | 71 | 11.92 | 3.13 | | | |
| प्रश्न कौशल | TT college | 71 | 12.14 | 3.94 | 0.37 | सार्थक अन्तर नहीं है। | |
| | CTE | 71 | 11.90 | 3.73 | | | |
| दृष्टान्त कौशल | TT college | 71 | 11.97 | 3.62 | 0.18 | सार्थक अन्तर नहीं है। | |
| | CTE | 71 | 12.08 | 3.89 | | | |
| पुनर्बलन कौशल | TT college | 71 | 12.38 | 4.27 | 0.31 | सार्थक अन्तर नहीं है। | |
| | CTE | 71 | 12.17 | 3.88 | | | |
| व्याख्या कौशल | TT college | 71 | 12.31 | 3.48 | 0.60 | सार्थक अन्तर नहीं है। | |
| | CTE | 71 | 12.66 | 3.48 | | | |
| व्याख्यान कौशल | TT college | 71 | 11.73 | 3.27 | 0.10 | सार्थक अन्तर नहीं है। | |
| | CTE | 71 | 11.79 | 3.26 | | | |
| मूल्यांकन कौशल | TT college | 71 | 11.34 | 3.19 | 0.63 | सार्थक अन्तर नहीं है। | |
| | CTE | 71 | 11.00 | 3.20 | | | |
| प्रदर्शन कौशल | TT college | 71 | 11.73 | 4.38 | 1.26 | सार्थक अन्तर नहीं है। | |
| | CTE | 71 | 12.61 | **3.86** | | | |

($df=N_1+N_2$ &2=71+71&2=140)

उपर्युक्त तालिका संख्या 1 में शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल निरीक्षण मापनी के आयामों क्रमशः श्यामपट्ट कौशल, प्रस्तावना कौशल, प्रश्न कौशल, दृष्टान्त कौशल, पुनर्बलन कौशल, व्याख्या कौशल, व्याख्यान कौशल, मूल्यांकन कौशल व प्रदर्शन कौशल के मध्यमानों एवं मानक विचलनों को प्रदर्शित किया गया है। मध्यमानों एवं मानक विचलनों की गणना के आधार पर क्रान्तिक अनुपात मान (C.R.Value) क्रमशः 0.19, 0.16, 0.37, 0.18, 0.31, 0.60, 0.10, 0.63 व 1.26 प्राप्त हुआ है। 140 (df) स्वतंत्रता के अंश पर 0.05 सार्थकता स्तर का मान क्रान्तिक अनुपात मान की तालिका में 1.97 तथा 0.01 सार्थकता स्तर का मान 2.61 दिया गया है। गणना द्वारा प्राप्त मान क्रमशः श्यामपट्ट कौशल, प्रस्तावना कौशल,


ISSN: 2456-0510

प्रश्न कौशल, दृष्टान्त कौशल, पुनर्बलन कौशल, व्याख्या कौशल, व्याख्यान कौशल, मूल्यांकन कौशल व प्रदर्शन कौशल में दोनों सार्थकता स्तरों से कम है अतः यह निर्धारित शून्य परिकल्पना स्वीकृत की जाती है तथा निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि भरतपुर संभाग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया है।

भरतपुर संभाग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।

**तालिका संख्या 2.भरतपुर संभाग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल के आयाम के प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तरों की सार्थकता की तुलना**

| कौशल | | संख्या (N) | मध्यमान (MEAN) | प्रमाप विचलन (SD) | क्रान्तिक अनुपात (CR Value) | सार्थकता स्तर 0.05 | 0.01 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्यामपट्ट कौशल | TT college | 71 | 16.70 | 3.56 | 4.08 | सार्थक अन्तर है। | सार्थक अन्तर है। |
| | CTE | 71 | 19.30 | 4.00 | | | |
| प्रस्तावना कौशल | TT college | 71 | 16.97 | 3.28 | 1.22 | सार्थक अन्तर नहीं है। | सार्थक अन्तर नहीं है। |
| | CTE | 71 | 17.56 | 2.42 | | | |
| दृष्टान्त कौशल | TT college | 71 | 17.30 | 3.95 | 1.70 | सार्थक अन्तर नहीं है। | सार्थक अन्तर नहीं है। |
| | CTE | 71 | 18.37 | 3.53 | | | |
| पुनर्बलन कौशल | TT college | 71 | 16.75 | 3.74 | 0.63 | सार्थक अन्तर नहीं है। | सार्थक अन्तर नहीं है। |
| | CTE | 71 | 16.38 | 3.15 | | | |
| व्याख्या कौशल | TT college | 71 | 17.24 | 3.62 | 2.40 | सार्थक अन्तर है। | सार्थक अन्तर नहीं है। |
| | CTE | 71 | 18.68 | 3.52 | | | |
| व्याख्यान कौशल | TT college | 71 | 16.41 | 3.68 | 1.23 | सार्थक अन्तर नहीं है। | सार्थक अन्तर नहीं है। |
| | CTE | 71 | 17.07 | 2.64 | | | |
| मूल्यांकन कौशल | TT college | 71 | 14.83 | 4.06 | 2.61 | सार्थक अन्तर है। | सार्थक अन्तर है। |
| | CTE | 71 | 16.48 | 3.43 | | | |
| प्रदर्शन कौशल | TT college | 71 | 18.21 | 3.72 | 0.33 | सार्थक अन्तर नहीं है। | सार्थक अन्तर नहीं है। |
| | CTE | 71 | 18.00 | 3.96 | | | |

(df=$N_1$+$N_2$ &2=71+71&2=140)

उपर्युक्त तालिका संख्या 2 में शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल के आयामों क्रमशः श्यामपट्ट कौशल, प्रस्तावना कौशल, दृष्टान्त कौशल, पुनर्बलन कौशल, व्याख्या कौशल, व्याख्यान कौशल, मूल्यांकन कौशल व प्रदर्शन कौशल के मध्यमानों एवं मानक विचलनों को प्रदर्शित किया गया है।

मध्यमानों एवं मानक विचलनों की गणना के आधार पर क्रान्तिक अनुपात मान (C.R.Value) क्रमशः 4.08, 1.22, 1.70, 0.63, 2.40, 1.23, 2.61, व 0.33 प्राप्त हुआ है। 140 (df) स्वतंत्रता के अंश पर 0.05 सार्थकता स्तर का मान क्रांतिक अनुपात मान की तालिका में 1.97 तथा 0.01 सार्थकता स्तर का मान 2.61 दिया गया है।

गणना द्वारा प्राप्त मान क्रमशः प्रस्तावना कौशल, दृष्टान्त कौशल, पुनर्बलन कौशल, व्याख्यान कौशल, व प्रदर्शन कौशल में दोनों सार्थकता स्तरों से कम है, जबकि व्याख्या कौशल में 0.01 सार्थकता स्तर से कम तथा 0.05 सार्थकता स्तर से अधिक है तथा श्यामपट्ट कौशल व मूल्यांकन कौशल में प्राप्त मान दोनों सार्थकता स्तरों से अधिक है अतः यह निर्धारित शून्य परिकल्पना आंशिक रूप से स्वीकृत की जाती है तथा निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि भरतपुर संभाग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल के आयामों क्रमशः प्रस्तावना कौशल, दृष्टान्त कौशल, पुनर्बलन कौशल, व्याख्यान कौशल, व प्रदर्शन कौशल में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया है। जबकि व्याख्या कौशल में आंशिक व

श्यामपट्ट कौशल व मूल्यांकन कौशल में सार्थक अन्तर पाया गया है।

भरतपुर संभाग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शैक्षिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।

**तालिका संख्या 3.भरतपुर संभाग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शैक्षिक तनाव के आयाम के प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तरों की सार्थकता की तुलना**

| तनाव | | संख्या (N) | मध्यमान (MEAN) | प्रमाप विचलन (SD) | क्रान्तिक अनुपात (CR Value) | सार्थकता स्तर 0.05 | 0.01 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शारीरिक तनाव | TT college | 71 | 20.72 | 5.09 | 1.20 | सार्थक अन्तर नहीं है। | सार्थक अन्तर नहीं है। |
| | CTE | 71 | 19.77 | 4.21 | | | |
| मानसिक तनाव | TT college | 71 | 23.20 | 4.76 | 1.65 | सार्थक अन्तर नहीं है। | सार्थक अन्तर नहीं है। |
| | CTE | 71 | 21.97 | 4.04 | | | |
| संस्थागत तनाव | TT college | 71 | 20.80 | 5.46 | 3.51 | सार्थक अन्तर है। | सार्थक अन्तर है। |
| | CTE | 71 | 18.01 | 3.87 | | | |
| उपलब्धि तनाव | TT college | 71 | 17.45 | 3.85 | 0.10 | सार्थक अन्तर नहीं है। | सार्थक अन्तर नहीं है। |
| | CTE | 71 | 17.51 | 2.74 | | | |
| सामाजिक तनाव | TT college | 71 | 15.97 | 3.79 | 1.83 | सार्थक अन्तर नहीं है। | सार्थक अन्तर नहीं है। |
| | CTE | 71 | 17.08 | 3.46 | | | |

($df=N_1+N_2$ &2=71+71&2=140)

उपर्युक्त तालिका संख्या 3 में शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शैक्षिक तनाव के आयामें क्रमशः शारीरिक तनाव, मानसिक तनाव, संस्थागत तनाव, उपलब्धि तनाव व सामाजिक तनाव के मध्यमानों एवं मानक विचलनों को प्रदर्शित किया गया है।

मध्यमानों एवं मानक विचलनों की गणना के आधार पर क्रान्तिक अनुपात मान (C.R.Value) क्रमशः 1.20, 1.65, 3.51, 0.10 व 1.83 प्राप्त हुआ है। 140 (df) स्वतंत्रता के अंश पर 0.05 सार्थकता स्तर का मान क्रांतिक अनुपात मान की तालिका में 1.97 तथा 0.01 सार्थकता स्तर का मान 2.61 दिया गया है। गणना द्वारा प्राप्त मान क्रमशः शारीरिक तनाव, मानसिक तनाव, उपलब्धि तनाव व सामाजिक तनाव में दोनों सार्थकता स्तरों से कम है तथा संस्थागत तनाव में प्राप्त मान दोनों सार्थकता स्तरों से अधिक है अतः यह निर्धारित शून्य परिकल्पना आंशिक रूप से स्वीकृत की जाती है तथा निष्कर्ष के रूप में कह जा सकता है कि भरतपुर संभाग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शैक्षिक तनाव के आयामें क्रमशः शारीरिक तनाव मानसिक तनाव, उपलब्धि तनाव व सामाजिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया है। जबकि संस्थागत तनाव में सार्थक अन्तर पाया गया है।

भरतपुर संभाग के शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल एवं शैक्षिक तनाव के मध्य कोई सार्थक सहसंबंध नहीं होता है।

**तालिका संख्या 4.भरतपुर संभाग के शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल एवं शैक्षिक तनाव मापनी के प्राप्तांको के मध्य सहसम्बन्ध की गणना**

| मापनियाँ | संख्या (N) | सहसम्बन्ध मान |
|---|---|---|
| शिक्षण कौशल निरीक्षण मापनी | 71 | 0.09 |
| शैक्षिक तनाव मापनी | 71 | |
| शिक्षण कौशल मापनी | 71 | -0.18 |
| शैक्षिक तनाव मापनी | 71 | |


ISSN: 2456-0510

## विश्लेषण

उपर्युक्त सारणी में भरतपुर संभाग के शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल निरीक्षण मापनी एवं शैक्षिक तनाव मापनी के प्राप्तांकों के मध्य सहसम्बन्ध की गणना की गई है जिसके अनुसार सहसम्बन्ध गुणांक 0.09 है अर्थात् निम्न घनात्मक सम्बन्ध पाया गया है। जबकि शिक्षण कौशल मापनी एवं शैक्षिक तनाव मापनी के प्राप्तांकों के मध्य सहसम्बन्ध की गणना की गई है जिसके अनुसार सहसम्बन्ध गुणांक -0.18 है अर्थात् निम्न ऋणात्मक सम्बन्ध पाया गया है। अतः शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल में वृद्धि होने पर शैक्षिक तनाव में निम्न स्तर की वृद्धि दिखाई देती है। जबकि शिक्षण कौशल अभिवृत्ति में वृद्धि होने पर शैक्षिक तनव में कमी निम्न स्तर की पाई गई है।

भरतपुर संभाग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल एवं शैक्षिक तनाव के मध्य कोई सार्थक सहसंबंध नहीं होता है।

भरतपुर संभाग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियो के शिक्षण कौशल एव शैक्षिक तनाव के प्राप्तांकों के मध्य सहसम्बन्ध की गणना

**तालिका संख्या 5.भरतपुर संभाग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल एवं शैक्षिक तनाव मापनी के प्राप्तांको के मध्य सहसम्बन्ध की गणना**

| मापनियाँ | संख्या (N) | सहसम्बन्ध मान |
|---|---|---|
| शिक्षण कौशल निरीक्षण मापनी | 71 | 0.04 |
| शैक्षिक तनाव मापनी | 71 | |
| शिक्षण कौशल मापनी | 71 | 0.23 |
| शैक्षिक तनाव मापनी | 71 | |

## विश्लेषण

उपर्युक्त सारणी में भरतपुर संभाग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल निरीक्षण मापनी एवं शैक्षिक तनाव मापनी के प्राप्तांकों के मध्य सहसम्बन्ध की गणना की गई है जिसके अनुसार सहसम्बन्ध गुणांक 0.04 है अर्थात् निम्न घनात्मक सम्बन्ध पाया गया है। जबकि शिक्षण कौशल मापनी एवं शैक्षिक तनाव मापनी के प्राप्तांकों के मध्य सहसम्बन्ध की गणना की गई है जिसके अनुसार सहसम्बन्ध गुणांक 0.23 है अर्थात् घनात्मक सम्बन्ध पाया गया है। अतः शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल में वृद्धि होने पर शैक्षिक तनाव में निम्न स्तर की कमी दिखाई देती है। जबकि शिक्षण कौशल अभिवृत्ति में वृद्धि होने पर शैक्षिक तनाव में वृद्धि पाई गई है।

## निष्कर्ष

1. गणना द्वारा भरतपुर संभाग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल निरीक्षण मापनी के आयामों क्रमशः श्यामपट्ट कौशल, प्रस्तावना कौशल, प्रश्न कौशल, दृष्टान्त कौशल, पुनर्बलन कौशल, व्याख्या कौशल, व्याख्यान कौशल, मूल्यांकन कौशल व प्रदर्शन कौशल का क्रान्तिक अनुपात मान (C.R.Value) क्रमशः 0.19, 0.16, 0.37, 0.18, 0.31, 0.60, 0.10, 0.63 व 1.26 प्राप्त हुआ है। 140 (df) स्वतंत्रता के अंश पर 0.05 सार्थकता स्तर का मान क्रांतिक अनुपात मान की तालिका में 1.97 तथा 0.01 सर्थकता स्तर का मान 2.61 दिया गया है। गणना द्वारा प्राप्त मान क्रमशः श्यामपट्ट कौशल, प्रस्तावना कौशल, प्रश्न कौशल, दृष्टान्त कौशल, पुनर्बलन कौशल, व्याख्या कौशल, व्याख्यान कौशल, मूल्यांकन कौशल व प्रदर्शन कौशल में दोनों सार्थकता स्तरों से कम है अतः यह निर्धारित शून्य परिकल्पना स्वीकृत की जाती है तथा निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि भरतपुर संभाग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया है।
2. गणना द्वारा भरतपुर संभग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल के आयामों क्रमशः श्यामपट्ट कौशल, प्रस्तावना कौशल, दृष्टान्त कौशल, पुनर्बलन कौशल, व्याख्या कौशल, व्याख्यान कौशल, मूल्यांकन कौशल व प्रदर्शन कौशल का क्रान्तिक अनुपात मान (C.R.Value) क्रमशः 4.08, 1.22, 1.70, 0.53, 2.40, 1.23, 2.61, व 0.33 प्राप्त हुआ है। 140 (df) स्वतंत्रता के अंश पर 0.05 सार्थकता स्तर का मान क्रांतिक अनुपात मान की तालिका में 1.97 तथा 0.01 सार्थकता स्तर का मान 2.61 दिया गया है। गणना द्वारा प्राप्त मान क्रमशः प्रस्तावना कौशल, दृष्टान्त कौशल, पुनर्बलन कौशल, व्याख्यान कौशल, व प्रदर्शन कौशल में दोनों सार्थकता स्तरों से कम है,

जबकि व्याख्या कौशल में 0.01 सार्थकता स्तर से कम तथा 0.05 सार्थकता स्तर से अधिक है तथा श्यामपट्ट कौशल व मूल्यांकन कौशल में प्राप्त मान दोनों सार्थकता स्तरों से अधिक है अतः वह निर्धारित शून्य परिकल्पना आंशिक रूप से स्वीकृत की जाती है तथा निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि भरतपुर संभाग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल के आयामों क्रमशः प्रस्तावना कौशल, दृष्टान्त कौशल, पुनर्बलन कौशल, व्याख्यान कौशल, व प्रदर्शन कौशल में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया है। जबकि व्याख्या कौशल में आंशिक व श्यामपट्ट कौशल व मूल्यांकन कौशल में सार्थक अन्तर पाया गया है।

3. गणना द्वारा भरतपुर संभाग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शैक्षिक तनाव के आयामों क्रमशः शारीरिक तनाव, मानसिक तनाव, संस्थागत तनाव, उपलब्धि तनाव व सामाजिक तनाव का क्रान्तिक अनुपात मान (C.R.Value) क्रमशः 1.20, 1.65, 3.51, 0.10 व 1.83 प्राप्त हुआ है। 140 (df) स्वतंत्रता के अंश पर 0.05 सार्थकता स्तर का मान क्रांतिक अनुपात मान की तालिका में 1.97 तथा 0.01 सार्थकता स्तर का मान 2.61 दिया गया है। गणना द्वारा प्राप्त मान क्रमशः शारीरिक तनाव, मानसिक तनाव, उपलब्धि तनाव व सामाजिक तनाव में दोनों सार्थकता स्तरों से कम है तथा संस्थागत तनाव में प्राप्त मान दोनों सार्थकता स्तरों से अधिक है अतः वह निर्धारित शून्य परिकल्पना आंशिक रूप से स्वीकृत की जाती है तथा निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि भरतपुर संभाग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शैक्षिक तनाव के आयामों क्रमशः शारीरिक तनाव, मानसिक तनाव, उपलब्धि तनाव व सामाजिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया है। जबकि संस्थागत तनाव में सार्थक अन्तर पाया गया है।

4. गणना द्वारा भरतपुर संभाग के शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल निरीक्षण मापनी एवं शैक्षिक तनाव मापनी के प्राप्तांकों के मध्य सहसम्बन्ध गुणांक 0.09 है अर्थात् निम्न धनात्मक सम्बन्ध पाया गया है। जबकि शिक्षण कौशल मापनी एवं शैक्षिक तनाव मापनी के प्राप्तांकों के मध्य सहसम्बन्ध की गणना की गई है जिसके अनुसार सहसम्बन्ध गुणांक -0.18 है अर्थात् निम्न ऋणात्मक सम्बन्ध पाया गया है। अतः शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल में वृद्धि होने पर शैक्षिक तनाव में निम्न स्तर की वृद्धि दिखाई देती है। जबकि शिक्षण कौशल अभिवृत्ति में वृद्धि होने पर शैक्षिक तनाव में कमी निम्न स्तर की पाई गई है।

5. गणना द्वारा भरतपुर संभाग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल निरीक्षण मापनी एवं शैक्षिक तनाव मापनी के प्राप्तांकों के मध्य सहसम्बन्ध गुणांक 0.04 है अर्थात् निम्न धनात्मक सम्बन्ध पाया गया है। जबकि शिक्षण कौशल मापनी एवं शैक्षिक तनाव मापनी के प्राप्तांकों के मध्य सहसम्बन्ध की गणना की गई है जिसके अनुसार सहसम्बन्ध गुणांक 0.23 है अर्थात् धनात्मक सम्बन्ध पाया गया है। अतः शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल में वृद्धि होने पर शैक्षिक तनाव में निम्न स्तर की कमी दिखाई देती है। जबकि शिक्षण कौशल अभिवृत्ति में वृद्धि होने पर शैक्षिक तनाव में वृद्धि पाई गई है।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. शर्मा, आर.ए. (2003), "शिक्षा अनुसंधान", सूर्या पब्लिकेशन्स, मेरठ। पृ.सं.153।
2. सफाया, आर.एन. एवं शैदा बी.डी. तथा सी.एस. शुक्ला, (2009) "आधुनिक शैक्षिक प्रशासन प्रबंध, धनपतराय पब्लिशिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, न्यू दिल्ली। पृष्ठ सं. 113।
3. हेनरी, ई. गेरेट (2010) "शिक्षा और मनोविज्ञान में सांख्यिकी के प्रयोग", कल्याणी पब्लिशर्स, लुधियाना। पृ.सं.392–393।
4. फेनाट बेरहन एकलॉग, (2005), "डिजरटेश्न आब्सट्रेक्ट्स इन्टरनेशनल वैल्यूम" (ए) पी.एच.डी. एजूकेशन कोलम्बिया विश्वविद्यालय शिक्षक शिक्षा कॉलेज।
5. Fifth Survey Educational Research (1988-92), Vol II, NCERT, New Delhi,
6. Fifth Survey of Educational Research (1988-92), Vol. II NCERT, New Delhi,
7. Educational Herald, Shah Goverdhan lal Kabra T.T. College Joghpur Oct-Dec2009 pp-130-137
8. Dissertation Abstracts International, Vol. 58 No. 1 July 1997 P-51-A
9. Dissertation Abstracts International, Vol. 57 No. 9 March 1997 P-3789-A
10. Dissertation Abstracts International, Vol. 58 No. 12 Jun 1997 P-5006-A


ISSN: 2456-0510